सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।

मौहल्ला यादवपुरी, निकट गन्ना भवन, हकीकत नगर रोड, सहारनपुर।
दूरभाष– 0132–2720990, ई–मेलः sda12@rediffmail.com

पत्रांक संख्याः 3250/ स0वि0प्रा0/सहारनपुर महायोजना–2031/ 2022–23 दिनांक 16/02/2023

सार्वजनिक सूचना

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की अमृत योजना में कन्वर्जन/रिवीजन के अर्न्तगत जी0आई0एस0 प्लेटफार्म पर तैयार की गयी सहारनपुर महायोजना–2031 के प्रारूप(ड्राफ्ट) को 64वीं बोर्ड बैठक दिनांक 3.01.2022 में अनुमोदनोपरान्त दिनांक 07.01.2022 से 18.04.2022 के मध्य जनसामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये थें। जिसमें कुल 159 आपत्ति/सुझाव प्राप्त हुए थें। शासनादेश सं0 97/आठ–8–2023–01विविध/2023 दिनांक 23 जनवरी, 2023 के बिन्दु सं0 03 पर प्राप्त निर्देशों के क्रम में शहर में प्रस्तावित रिंग रोड/बाईपास पर भू–उपयोग प्रस्तावित कर संशोधित सम्पूर्ण महायोजना मानचित्र–2031 प्रारूप(ड्राफ्ट) तैयार किया गया है, जिसकी स्वीकृति मा0 बोर्ड द्वारा 69वीं बोर्ड बैठक दिनांक 31.01.2023 में प्रदान करते हुए, सम्पूर्ण महायोजना–2031 प्रारूप(ड्राफ्ट) पर आपत्ति/सुझाव प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार 69वीं बोर्ड बैठक में स्वीकृत संशोधित सम्पूर्ण महायोजना मानचित्र–2031 प्रारूप(ड्राफ्ट) पर उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम की धारा–11 में दिये गये प्राविधानों के आलोक में जन–सामान्य/व्यक्ति/संस्था से विज्ञापन के प्रकाशित होने के 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव ई–मेल (sda12@rediffmail.com) डाक अथवा सहारनपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने हेतु आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित समयवधि के उपरान्त प्राप्त होने वालें आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निर्धारित समयवधि में प्राप्त होने वाली आपत्ति/सुझाव पर सुनवाई उपरांत पूर्व में प्राप्त 159 आपत्ति/सुझाव के साथ समेकित रूप से निस्तारण किया जायेगा।

सहारनपुर महायोजना–2031(प्रारूप) की प्रति जन–सामान्य/व्यक्ति/संस्था के अवलोकित किया जा सकता हैः–

(1) कार्यालय आयुक्त, सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर। **(2)** कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर। (द्वितीय तल स्थित सभागार कक्ष सं0 15) **(3)** कलैक्ट्रेट, सहारनपुर। **(4)** कार्यालय नगर निगम, सहारनपुर। **(5)** कार्यालय उप–जिलाधिकारी(सदर), सहारनपुर। **(6)** कार्यालय उप–जिलाधिकारी(नकुड), सहारनपुर। **(7)** कार्यालय उप–जिलाधिकारी(रामपुर मनिहारन), सहारनपुर। **(8)** प्राधिकरण की वेबसाईट www.sdasaharanpur.in

16/02/2023
(आशीष कुमार)
उपाध्यक्ष

Scanned with OKEN Scanner